राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–153/2023

लोकसेवा प्रसारक के रूप में आकाशवाणी, पटना की भूमिका उल्लेखनीय –राज्यपाल

पटना, 28 अप्रैल, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने आकाशवाणी, पटना के 75 वर्ष पूरा होने के अवसर पर बिहार संग्रहालय, पटना के ओरिएन्टेशन हॉल में आयोजित संगीत समारोह का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अपनी 75 वर्षों की यात्रा में आकाशवाणी, पटना ने लोकसेवा प्रसारक के रूप में उल्लेखनीय भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि जब संचार के माध्यम सीमित हुआ करते थे तब आकाशवाणी ने आमजन को विभिन्न क्षेत्रों की जानकारियों से अवगत कराने के साथ–साथ अपने अनेक कार्यक्रमों के जरिये उनका मनोरंजन भी किया। उन्होंने विविध भारती, देश का धड़कन और संगीत सरिता जैसे कार्यक्रमों की चर्चा करते हुए कहा कि इनके प्रसारण से आकाशवाणी को काफी लोकप्रियता मिली। आकाशवाणी ने समय के साथ नई तकनीकों को अपनाया है और वर्तमान दौर में भी आमजन के मन में इसका विशिष्ट स्थान है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने आकाशवाणी की पत्रिका 'अमृतवाणी' का विमोचन किया। कार्यक्रम में पद्मश्री उस्ताद अहमद हुसैन एवं मोहम्मद हुसैन ने अपनी प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर प्रसार भारती बोर्ड के सदस्य (वित्त) श्री डी०पी०एस० नेगी, दूरदर्शन, पटना की अपर महानिदेशक कंचन प्रसाद, बिहार संग्रहालय के महानिदेशक श्री अंजनी कुमार सिंह, आकाशवाणी, पटना के उप महानिदेशक श्री वेद प्रकाश एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....